श‍ृङ्गार विलासिनी

ŚṚṄGĀRA VILĀSINĪ

सम्पादकः

शिवशङ्कर त्रिपाठी, डी० फिल्०

कवि देवदत्त विरचिता

शृङ्गार विलासिनी

(प्रथम-आलोचनात्मक-संस्करणम्)

ŚṚṄGĀRA VILĀSINĪ

सम्पादकः

शिवशङ्कर त्रिपाठी, डी० फिल्०

भारतीय मनीषा सूत्रम्

दारागञ्ज · इलाहाबाद-६

प्रकाशकः
भारतीय मनीषा सूत्रम्
दारागंज · इलाहाबाद-६

©

प्रथम संस्करण : सं० २०३९
मूल्य : राज संस्करण ५०.००
साधारण संस्करण ४०.००

⊙

मुद्रकः
शुभचिंतक प्रेस
दारागंज · इलाहाबाद-६

ŚṚṄGĀRA VILĀSINĪ

[First Critical Edition]

Edited by

Dr. SHIVA SHANKAR TRIPATHI

D. PHIL.

Price : Delux Edition 50.00
Ordinary 40.00

Publisher
Bhārtīya Manīshā Sūtraum
Daraganj, Allahabad-6

⊙

First Edition : 2039 Vikram

⊙

Printed at
Shubhachintaka Press
Daraganj, Allahabad-6

Raso bhimāno haṅkāraḥ śṛṅgara iti gīyate.
Yo rthastasyaṅvayāt kāvyaṃ kamanīyatvamśrute.

—*Bhoja Deva.*

ŚṚṄGĀRA VILĀSINĪ

रसोऽभिमानोऽहङ्कारः शृङ्गार इति गीयते।
योऽर्थस्तस्यान्वयात् काव्यं कमनीयत्वमश्नुते।।

—भोजदेव

शृङ्गार विलासिनी

- भारतीय मनीषा सूत्रम् का उद्देश्य है—भारतीय प्राच्य साहित्य एवं संस्कृति का संरक्षण तथा पोषण ।

- सांस्कृतिक तथा पुरातात्विक स्थलों का अन्वेषण और उनके संरक्षण के उपायों की खोज ।

- प्राच्य दुर्लभ, अलभ्य साहित्य का प्रकाशन ।

- प्रस्तुत पुस्तक 'सूत्रम्' की प्रकाशन-योजना 'प्राचीन दुर्लभ ग्रंथमाला' के अन्तर्गत प्रकाशित की जा रही हैं । इस योजना के ही अधीन दो अन्य सर्वथा अलभ्य ग्रंथ— 1. 'रामकर्णामृतम्' 2, 'भट्टवेशकाव्यम्' प्रकाशनाधीन हैं ।

- शृंगार (रस) विलासिनी के प्रकाशन की योजना दो वर्ष पूर्व संस्थान ने निश्चित किया था । 'सूत्रम्' के अन्वेषक ने सतत प्रयास कर ग्रन्थ की तीन हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध कीं ।

- यह संस्करण प्राप्त तीनों प्रतियों के तुलनात्मक पाठभेद सहित तैयार किया गया है । योजनानुसार ग्रन्थ को हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तर के साथ प्रकाशन करना था । आर्थिक कठिनाई वश रूपान्तर सम्मिलित नहीं किया जा सका । तथापि संपादक की विद्वत्तापूर्ण हिन्दी-अंग्रेजी की भूमिका ग्रंथ को उपादेय बनाने में सक्षम है ।

- पुस्तक में नायिका भेद प्रकरण जिस सफलता के साथ विवेचित है, वह निश्चित ही एतद्विषयक गुरु आकारीय ग्रन्थों के लिये चुनौती है ।

- महाकवि देवदत्त अथवा देव हिन्दी साहित्य-अध्येताओं के लिए सुपरिचित हैं। उन्होने संस्कृत भाषा में भी काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ रचे यह विरले ही जानते रहे हैं। शृंगार विलासिनी की चर्चा हिन्दी के काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने ससम्मान की है। सुसम्पादित होकर प्रथमतः प्रस्तुत है।

- उल्लेखनीय तथ्य है—तीन शती पूर्व कवि देव ने हिन्दी के दोहा, सोरठा, छप्पय और सवैया छन्दों को संस्कृत भाषा में लिखा। इससे पूर्व भी हिन्दी छन्दों का प्रयोग संस्कृत में किसी रचनाकार ने किया हो, यह कहना संदिग्ध है। बीसवीं शती में तो स्व० मथुरानाथ भट्ट ने सभी हिन्दी छन्दों को संस्कृत भाषा में लिखा।

- यह प्रथम और लघु प्रयास साहित्य-अध्येताओं के लिए यदि उपयोगी बन सका तो संस्थान को अपनी योजना क्रियान्वित करने में बल मिलेगा।

सूत्र-संवाहक
भारतीय मनीषा सूत्रम्
दारागंज इलाहाबाद-६

नायिका भेद : एक पर्यालोचन

श्रृङ्गार रसालम्बनं स्त्री नायिका—(रसमञ्जरी । १.१७)

नयति वशी करोति सा नायिका । (रसमञ्जरी की टीका व्यंग्यार्थ कौमुदी ।)

ये दोनों ही परिभाषाएँ समानार्थ बोधक हैं––जो नायक को वश में कर सके अथवा की प्रेयसी बन सके अथवा नायक को श्रृंगार मार्गावलम्बी होने के लिए उत्प्रेरित कर सके, वह नायिका है । सृष्टि का भी मूलाधार श्रृंगार ही है, इस कारण साहित्य में रस और रस में श्रृंगाररस का श्रेष्ठ स्थान है । श्रृंगाररस की आलम्बिका होने के कारण यह नायिका काव्य-शास्त्र में निरूपण का विषय बनी । स्त्री तथा पुरुष वर्ग की काम-विषयिणी प्रवृत्तियाँ, स्थितियाँ, उनकी मानसिक प्रतिक्रियाएँ तथा सहज सामान्य कार्य-कलाप नायिका-निरूपण की आधार भूत सामग्री हैं । आचार्यों ने विविध रूपों, प्रकृतियों, अवस्थाओं को दृष्टि में रखकर नायिका-विवेचन तथा उनके भेद का कथन किया । जिस प्रकार संस्कृत-काव्य-शास्त्र ने अपनी विकास-यात्रा धीरे-धीरे सहस्राधिक वर्षों के साहित्य, संस्कृति और समाज की इतिहास सामग्री, साधन, प्रसाधन, मंडन आदि विभिन्न सूत्र-संवाहक अभिज्ञान-विधानों, युगभाव-बोध, रास-विलास-जन्य आधानों को आत्मसात् करते हुए पूर्ण की है, उसी प्रकार नायिका स्वरूप विवेचन एवं उसके भेद-निरूपण ने भी भारतीय काव्य शास्त्र के विविध-बहुरंगी उपादानों की सौन्दर्य-श्रृंगारमयी-भावस्थली पर विहरकर स्थिरता ग्रहण किया है । अस्तु, यह नायिका-भेद-निरूपण विकास की इतिहास-भूमि पर विरम-रमकर—सर्वप्रथम कामशास्त्र विशारदों की मेधा तथा उनके रसमयी-बुद्धि-विलास का पाथेय बना, फिर नाट्यशास्त्र के आचार्यों के तर्क-मर्म का सन्दर्भ-संकेत बनकर अपनी अवस्थिति से उसमें जीवन्त हो सका एवं अन्त में काव्यशास्त्राचार्यों ने विषय की गूढ़ता, सार्वजनीन-इयत्ता को स्वीकारा, उनको उसमें अपने अर्थ-सन्दर्भ का भाव-बोध का आभास मिला । परिणामतः यहाँ नायिका-भेद विवेचन का प्रकरण रूप-रूपायित होकर विकास के स्वर्णिम-शिखर पर आरूढ़ हो सका । आज वही अपने क्रमिक विकासेतिहास की ओर पहुँच प्रत्येक साहित्य-रस-सेवी सहृदय-रस-रसिक जन के लिए आकर्षण और मोहन बन गया है ।

कामशास्त्र—

नायक-नायिका-भेद का सम्बन्ध स्पष्टतः रस प्रवाह एवं नाट्यप्रवाह से है परन्तु यह विषय काम प्रवाह से पृथक् नहीं किया जा सकता। कामशास्त्र-विषय-निरूपक ग्रन्थों— कामसूत्र, रतिरहस्य और अनंगरंग में नायिका की समीचीन चर्चा की गयी है। हाँ, यहाँ आचार्यों ने नायिका का लक्षण नहीं निरूपित किया अपितु गुण, प्रकृति और कर्म के परिप्रेक्ष्य में संक्षेपतः भेद कथन से ही विश्रान्ति ले ली है। 'नायिकास्तिस्रः कन्या पुनर्भू वेश्या च' (कामसूत्र-वात्स्यायन |१.५४)। नायिका तीन प्रकार की—कन्या, पुनर्भू एवं वेश्या। इन तीनों नायिकाओं के फिर दो-दो भेद—पुत्रफलदा कन्या, सुखफलदा कन्या, उपभुक्ता पुनर्भू, अनुपभुक्ता पुनर्भू तथा रूपजीवा वेश्या, गणिका वेश्या। रतिरहस्य तथा अनंगरंग में पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी एवं हस्तिनी संज्ञक नायिकाओं के लक्षण निरूपित किये गये। रतिरहस्य के कर्त्ता ने गुणानुक्रम में इनका नामोल्लेख किया है—

> पद्मिनीं तदनु चित्रिणीं ततः शंखिनीं तदनु हस्तिनीं विदुः ।
> उत्तमा प्रथमभाषिता ततो हीयते युवतिरुत्तरोत्तरम् ॥
>
> —(रतिरहस्य/१.१०)

कामसूत्र में जहाँ वात्स्यायन ने शश, वृष तथा अश्व तीन प्रकार के नायकों की गणना की वहीं पर उन्होंने मृगी, वडवा तथा हस्तिनी तीन नायिकाएँ भी परिगणित हैं।

नाट्यशास्त्र—

वस्तुतः विलासप्रिय और साहित्यरसिक प्राचीन आभिजात्य वर्गीय नागरजनों के लिए यह नायिका रसानुभूति का माध्यम स्वरूप तथा मनोरंजन का एक कलापूर्ण साधन रहा है। लक्ष्मीवान् जन की विलास-भूमि का निर्माण यह नायिका भेद विषयक कथन प्रायः रसिक समाज—गोष्ठी में प्रचलित था। रसिक समाज में प्रायशः शृंगाररस प्रधान नाट्यकृतियाँ अभिनीत होती रहीं। इस कारण नाटकों में नायिका का महत्वपूर्ण योगदान स्वीकारा गया। उसके लक्षण तथा विभिन्न रूपों पर भी विवेचन हुआ। भरत मुनि नाट्यशास्त्र के प्रथम आचार्य हैं। उन्होंने सामान्याभिनय प्रकरण में लिखा—

त्रिविधा प्रकृतिः स्त्रीणां नानासत्त्व समुद्भवा ।
वाह्या चाभ्यन्तरा चैव स्याद् बाह्याभ्यन्तरा परा ।।

—(२४.१४३)

इसी प्रकार—

'स्त्रीणां च पुरुषाणां च उत्तमाधममध्यमाः ।' (२४.१)

मानव मात्र की चारित्रिक प्रवृत्तियां तीन प्रकार की होती हैं—उत्तम मध्यम एवं अधम । अपनी इसी मानसिकता से उन्होंने सामान्याभिनय एवं वैशिक अध्यायों में उत्तमा, मध्यमा और अधमा नायिकाओं का वर्णन किया । प्रियतम द्वारा अपराध होने पर भी परुष बचनों का प्रयोग जो न करे, उसके दोषों तक का गोपन करे और जो क्षण भर के लिए क्रोधाभिभूता हो, वह उत्तमा । विपक्षी के प्रति असूया की भावना रखने वाली, सहज ही रुष्ट होने वाली एवं सहज अनुनय पर ही प्रसन्नचिता हो जाने वाली नायिका मध्यमा है । बिना किसी कारण क्रोध करने वाली, बहुत समय तक क्रोधाभिभूत रहने वाली तथा प्रणयाभिसार काल में प्रतिकूल व्यवहार करने वाली अधमा नायिका है । आगे आचार्य भरत ने उसी प्रकरण में 'सुखस्य हि स्त्रियो मूलम्' कहकर शील अर्थात् प्रवृत्ति के अधार पर बाईस प्रकार की नायिकाएं वर्णित की हैं—

देवतासुरगन्धर्वरक्षो नागपतत्रिणाम् ।
पिशाचऋक्षव्यालानां नरवानरहस्तिनाम् ।।

मृगी मीनोष्ट्रमकर खर सूकरवाजिनाम् ।
महिषाजगवादीनां तुल्यशीलाः स्त्रियः स्मृताः ।।

—नाट्यशास्त्रम्/२२-६५-६६

यहाँ विभिन्न योनियों में उत्पन्न होने वाले जीवों के शील चरित के समान आचरण, प्रवृत्ति के अनुसार नायिकाओं का लक्षण निरूपित किया गया है । यथा–देवता (स्निग्ध अंगोवाली), असुर (कलहप्रिया, अत्यन्त निष्ठुरा), गन्धर्व (स्मित सहित भाषण करने वाली), नाग (तीक्ष्ण नासिका वाली), राक्षस (रक्तवर्ण और विस्तीर्ण नेत्रों वाली), पिशाच सुरत काल में कुत्सित आचरण करने वाली), यक्ष (मदिरा, आमिष आदि में रुचि रखने वाली),

व्याघ्र (उद्धत प्रकृति), नर (धर्मार्थ-काम निरता), कपि (भूरे वर्ण के रोमवाली), हस्ति (दीर्घ हनु और उन्नत ललाट वाली), मृग (स्वल्पोदरी विस्तृतनयन), मत्स्य (लम्बे स्थूल आकार वाली), उष्ट्र (लम्बे ओष्ठ, अत्यन्त उठी हुई ग्रीवा), मकर (ढोल विशेष की आकृति वाली), खर (स्थूल जिह्वा, ओष्ठ वाली और रतियुद्धप्रिया), सूकर (पतला कस्तक, पृष्ठ भाग और बड़ा मुख वाली), गाय (क्लेश सहन करने वाली) और अज (कृश शरीर, शीघ्र चलने वाली)। भरत पश्चात् न किसी नाट्यार्य ने और न किसी काव्य शास्त्र प्रणेता ने ही नायिकाओं के इन लक्षणों का उल्लेख किया। पश्चात् कालिक आचार्यों में दशरूपककार धनंजय, शृंगार तिलक प्रणेता रुद्रभट्ट द्वारा विवेचित लक्षण एवं भेदोपभेदों का अनुसरण किया गया। कर्मानुसार वेश्या, कुलजा और प्रेष्या नायिका के तीन भेद हैं। यही यदि वयानुक्रम में परिगणित की जायें तो नाट्यशास्त्र के ही अनुसार वासक सज्जा, विरहोत्कंठिता स्वाधीन पतिका, कलहान्तरिता, खण्डिता, विप्रलब्धा, प्रोषितभर्तृका, एवं अभिसारिका नायिका के आठ भेद हैं (नाट्यशास्त्र/२०/२०३-२०४)। वस्तुत. नायिकाओं के यही प्रसिद्ध आठ भेद हैं।

आचार्य भरत के पश्चात् धनञ्जय के 'दशरूपक' में नायिका एवं उनके भेदों का नाट्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य को आधार मानकर शास्त्रीय निरूपण किया गया है। दशरूपककार ने नायिका-विवेचन नाटक-नायक निरूपण प्रसंग में किया है, यहाँ शृंगारालम्बनरूप का माध्यम नहीं स्वीकारा गया है--'स्वान्या साधारणस्त्रीति तद्गुणा नायिका त्रिधा।' (प्रकाश/२-१५)—नायक के समान गुणों वाली नायिका तीन प्रकार की होती है—स्वस्त्री (स्वीया), परस्त्री (परकीया) और साधारण स्त्री (सामान्या)। स्वीया के तीन भेद—मुग्धा, मध्या, प्रगल्भा। फिर मध्या तथा प्रगल्भा के तीन-तीन भेद--धीरमध्या, अधीरमध्या, धीराधीरमध्या, धीरप्रगल्भा, अधीरप्रगल्भा, धीराधीरप्रगल्भा पुनः 'द्वेधा ज्येष्ठा कनिष्ठा चेत्यमुग्धा द्वादशोदिताः'--(प्रकाश।२-२०)--अमुग्धा (मध्या एवं प्रगल्भा) के ज्येष्ठा तथा कनिष्ठा दो भेद होते हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर बारह भेद होते हैं। मुग्धा एक ही प्रकार की होती है। पुनः अवस्थानुसार (जैसा कि नाट्यशास्त्र में है) भी आठ भेद परिगणित हैं--'आसामष्टाववस्थाः स्युः स्वाधीनपतिकादिकाः'—(२-२३)। इनकी आठ अवस्थाएँ स्वाधीनपतिकादि होती हैं --'स्वाधीनपतिका वासकसज्जा, विरहोत्कण्ठिता, खण्डिता,

कलहान्तरिता, विप्रलब्धा, प्रोषितप्रिया, अभिसारिकेत्यष्टौ स्वस्त्रीप्रभृतीनामवस्था: । स्वाधीन-पतिका, वासकसज्जा, विरहोत्कण्ठिता, खण्डिता, कलहान्तरिता, विप्रलब्धा, प्रोषितप्रिया तथा अभिसारिका ये स्वकीया स्त्री आदि की आठ अवस्थाएँ हैं ।

भरत नाट्यशास्त्र तथा दशरूपक के अतिरिक्त यह नायिका भेद प्रकरण अग्निपुराण एवं काव्यालंकार आदि अन्य काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में विशेसत: सांगोपांग भेदोपभेदों सहित निरूपित है । इन ग्रन्थों में नायिका को नायक के समान गुणवाली मानकर नहीं अपितु उसके निज गुण और प्रकृति, हाव, भाव तथा चेष्टाओं को आधार स्वीकार कर निरूपित किया गया है ।

शारदातनयकृत 'भावप्रकाशनम्' तथा शिंगभूपालरचित, 'रसार्णवसुधाकरम्' दोनों ही नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थों में नायिका भेद का निरूपण मिलता है ।

भावप्रकाशनम्—

इस ग्रन्थ में आचार्य भरत का अनुसरण करते हुए नायिका भेद विवेचित है । शारदातनय ने भी देव शीला, दैत्यशीला, गन्धर्वशीला, यक्षांगना, राक्षसशीला, पिशाचशीला, नागशीला, मर्त्यशीला आदि भेद कथन कर क्रमश: उदाहरण भी प्रस्तुत किया है । साथ ही उदात्ता, उद्धता, शान्ता और ललिता चार प्रकार के भेद प्रकृति और प्रवृत्ति के आधार पर बता कर इन चारों नायिकाओं के वेशभूषाशीलादि गुणों तथा धर्मादि का विवेचन भी किया गया है । अभिनय-अभिनेयता की दृष्टि से वासकसज्जा आदि आठ विधा भी वर्णित हैं । दशा के अनुसार ग्रन्थकर्त्ता ने विप्रलब्धा, विरहोत्कण्ठिता, अभिसारिका केवल तीन ही परिगणित किया है । इस प्रकार नायिकाओं की कुल संकलित संख्या 13(स्वीया) +2 (परकीया) +1 (सामान्या) 16 हुई, वासकसज्जा आदि 8 उनके क्रमश: भेद अर्थात् 128 तथा अन्त में प्रत्येक के उत्तम, मध्यम और अधम तीन-तीन भेद अर्थात 128 × 3कुल 384 भेद हो गये ।

रसार्णवसुधाकरम्—

शिंगभूपाल ने रसान्तर्गत विभावना प्रसंग में नायक-नायिका का निरूपण किया है । श्रृंगारालम्बन का परिचय देते हुए उन्होने लिखा है—

आधाराविषयत्वाभ्यां नायको नायिकापि च ।
आलम्बनं मतं तत्र नायको गुणवान् भवेत् ।।

इस कारण नायिका-भेद निरूपण भी इस ग्रन्थ में शृंगार को ही आधार मानकर किया गया है । स्वीया नायिका के मुग्धा, मध्या और प्रौढ़ा—पूर्वाचार्यों द्वारा निरूपित तीन भेद को ही स्वीकारा है । उन्होंने मुग्धा नायिका के वयोमुग्धा, नवकामा, रतौवामा, मृदुकोपा सलज्जरतिशीला, क्रोधेनाऽपभाषमाणा रुदती ये छः भेद, मध्या के समलज्जामदना, प्रोद्यत्ता-रुण्यशालिनी और मोहान्तसुरता ये तीन भेद; पुनः मानवृत्ति के अनुसार धीरा, अधीरा, धीराधीरा तीन भेद निरूपित किया है । प्रगल्भा के दो भेद- सम्पूर्णयौवनोन्मत्ता और प्ररूढमन्मथा; फिर मानवृत्ति के पक्ष में धीरा आदि तीन भेद गिनाये गये हैं । इसी प्रकार परकीया के अनूढा और परोढा दो भेद एवं सामान्या के भी दो भेद––रक्ता तथा विरक्ता बताये हैं । उपसंहार करते हुए प्रोषितभर्तृका आदि उत्तमा, मध्यमा एवं अधमा भेद कथन सहित आठ प्रकार भी नायिकाओं के परिगणित हैं ।

काव्यशास्त्र—

आचार्य भरत ने उत्तम, मध्यम और अधम तीन प्रकार की अंगनाओं का विवरण देते हुए नायिका के यौवन को चार भागों में विभाजित किया है-- प्रथम यौवनम्, द्वितीय यौवनम्, तृतीय यौवनम् तथा चतुर्थ यौवनम्–'सर्वासामपि नारीणां यौवनलाभा भवन्ति चत्वारः । नेपथ्य रूपवेषैर्गुणैस्तु शृंगारमासाद्या—(नाट्य०।२३-४०) । यौवनक्रम की यही चार अवस्थाएँ हैं एवं इस कारण नायिका के तीन भेद-मुग्धा, मध्या और प्रौढ़ा किया गया। काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों तथा साहित्यरस-रसिक-सहृद जनों में यही नायिकाएँ मोद-दायिका बन कर निरूपण का विषय हो गयीं । चतुर्थ यौवन शृंगारशत्रु रूप होने के कारण सहृदय जन मानस में स्थान न पा सका । काव्यशास्त्रीय नायिका भेद विवेचन का मूलस्रोत नाट्य-शास्त्र ही है । हाँ नाट्याभिनय प्रसंगानुकूल वर्णित नायिकाओं को अपने विवेचन में साहित्य शास्त्रियों ने नहीं ग्रहण किया । अग्निपुराण एवं शृंगारतिलक ग्रन्थों में नायिका भेद निरूपण आलम्बन विभाव के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया जो नाट्यशास्त्रीय परम्परा से भिन्न है । अग्नि पुराण में स्पष्टतः आलम्बन विभाव कारण स्वरूप मानकर उल्लेख है––

स्वकीया परकीया च पुनर्भूरिति कौशिकः ।
सामान्या न पुनर्भूरित्याद्या बहुभेदतः ॥

—अग्निपुराण/३३९-४१

किन्हीं-किन्ही ग्रन्थों में आत्मीया, परकीया और सर्वाङ्गना, नायिका के ये तीन रूप परिगणित किये गये हैं । रुद्रट के काव्यालंकार में शृंगाररसाधीना ही नायिकाओं का सविस्तर विवेचन मिलता है । इस ग्रन्थ में नायिकाओं का भेदोपभेद निरूपण अन्ततोगत्वा तीन सौ चौरासी संख्यातक पहुँच गया है । रुद्रट ने प्रथमतः शृंगाररस प्रसंग में श्रव्यकाव्य के लिए भी नायिका स्वरूप एवं भेद निरूपण की आवश्यकता का सम्यक् प्रतिपादन किया है ।

भोजदेव--सरस्वती कण्ठाभरण एवं शृङ्गार प्रकाश

भरत के मत का अनुसरण करते हुए महाराज भोजदेव ने नायिका भेद का निरूपण सम्यक् रीति से सविस्तर किया है । 'पुनर्भू' नायिका की चर्चा कामशास्त्र के पश्चात् अग्निपुराण में है, भोज ने भी यह भेद स्वीकारा है—

गुणतो नायिकाऽपि स्यादुत्तमामध्यमाधमा ।
मुग्धा मध्या प्रगल्भा च वयसा कौशलेन वा ॥
धीराधीरा च धैर्येण स्वान्यदीया परिग्रहात् ।
ऊढानूढोपयमनात् क्रमाज्ज्येष्ठा कनीयसी ॥
मानर्द्धेरुद्धतोदात्ता शान्ता च ललिता च सा ।
सामान्या च पुनर्भूश्च स्वैरिणी चेति वृत्तितः ॥
आजीवतस्तु गणिका रूपाजीवा विलासिनी ।
अवस्थातो ऽपरा चाष्टौ विज्ञेयाः खण्डितादयः ॥

—(सरस्वती०/५-११०-११३)

'शृंगारप्रकाश' में यह नायिका भेद अधिक विस्तार के साथ वर्णित है । हाँ, अधमा और ज्येष्ठा नायिकाएँ उल्लिखित नहीं । स्वीया एवं परकीया दोनों के पृथक्-पृथक् दस भेद बताये गये हैं—(१) उत्तमा (२) मध्यमा (३) कनिष्ठा (४) ऊढा (५) अनूढा (६) धीरा

(७) अधीरा (८) मुग्धा (९) मध्या और (१०) प्रगल्भा । भेदोपभेदों का समग्रतः संकलन करने पर कुल १४३ प्रकार की नायिकाएँ उल्लिखित हैं । 'पुनर्भू' नायिका के—अक्षता, क्षता, यातायाया और यायावरा चार भेद तथा सामान्या के—ऊढा, अनूढा, स्वयंवरा, स्वैरिणी एवं वेश्या ये पाँच भेद किये गये हैं । भोज ने अपने ग्रंथ में मध्या और प्रगल्भा के 'धीराधीरा' संज्ञक तृतीय भेद को नहीं स्वीकारा एवं उन्होंने ज्येष्ठा का नामोल्लेख न करके 'पूर्वानूढा' को ही ज्येष्ठा अंगीकार किया है । सामान्या नायिका के भोजकृत भेद विवेचन को काव्यालंकार शास्त्र में अपूर्व ही मानना पड़ेगा । इसके पश्चात् 'मन्दार-मरन्दचम्पू' ग्रंथ में कृष्णकवि ने 'क्षता, अक्षता' आदि नायिका-विवेचन में भोजदेव का उल्लेख किया है ।[2]

हेमचन्द्र—काव्यानुशासन

काव्यानुशासन में हेमचन्द्र ने भी नायिका-विवेचन किया है, किन्तु यहाँ अत्यन्त संक्षिप्त विवरण है । मध्या, मुग्धा और प्रगल्भा तीनों के दो-दो भेद वय एवं कौशल के आधार पर किया गया है । यथा—वयसा मुग्धा, कौशलेन मुग्धा, वयसा मध्या, कौशलेन मध्या और इसी प्रकार वयसा प्रगल्भा, कौशलेन प्रगल्भा । धीरा, अधीरा आदि भेद भी मध्या आदि नायिकाओं के स्वीकारे गये हैं । भरत के नाट्यशास्त्रीय रीत्यानुसार पूर्वमूढा ज्येष्ठा, पश्चादूढा कनिष्ठा नायिकाएँ कही गयी हैं । परकीया नायिका के मात्र तीन ही भेद—विरहोत्कण्ठिता, अभिसारिका तथा विप्रलब्धा माने हैं ।

इसके अतिरिक्त वाग्भटालंकार तथा प्रतापरुद्रयशोभूषण ग्रन्थों में भी संक्षेपतः नायिका भेद का कथन है । विवेचन में कोई उल्लेखनीय वैशिष्ट्य नहीं है । वाग्भट्ट ने चार—अनूढा, स्वकीया, परकीया और परांगना (सामान्या) भेद लिखा हैं ।

---

1. पुनर्भूरक्षता क्षतायातायाता यायावरा च । (शृंगार प्रका०/प्रकाश १५)
2. अक्षता च क्षता यातायातायायावरेत्यपि ।
पुनश्चतुर्धा कथिताः पूर्वैर्भोजादिभिर्बुधैः ।।
यातायाता तु युगपदूढानेकैस्तु भर्तृभिः ।
यथा पाण्डुसुतैरूढा द्रुपदस्य कुमारिका ।। इति

आचार्य विश्वनाथ—साहित्य दर्पण

संस्कृत के काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में 'साहित्य दर्पण' का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इस ग्रन्थ में नायिका भेद का विद्वत्तापूर्ण शैली में विवेचन मिलता है। नायिका के प्रमुख भेद अपने पूर्वाचार्यों द्वारा निरूपित ही स्वीकार कर आचार्य विश्वनाथ ने उपभेद-कथन में नवीनता की कल्पना की है। यथा—स्वीया के मुख्य मुग्धा, मध्या और प्रगल्भा तीन भेदों के उपभेद परिगणन सर्वथा नवीन है—मुग्धा—(1) प्रथमावतीर्णयौवना (2) प्रथमावतीर्णमदन-विकारा (3) रतौ वामा (यह शिंगभूपाल ने भी स्वीकारा है) (4) माने मृदु (5) समधि-कलज्जावती।

मध्या—(1) विचित्रसुरता (2) प्ररूढ यौवना (3) प्ररूढतारुण्या (4) ईषत्प्रगल्भ वचना (5) मध्यमव्रीडिता।

प्रगल्भा—(1) स्मरान्धा (2) गाढतारुण्या (3) समस्तरतकोविदा (4) भावोन्नता (5) स्वल्प व्रीड़ा (6) आक्रान्तनायका। मध्या, प्रगल्भा के धीरा आदि तीनों भेद एवं ज्येष्ठा और कनिष्ठा उपभेद भी वर्णित हैं।

साहित्यदर्पण में इस प्रकार मध्या तथा प्रगल्भा के बारह भेद, मुग्धा एक भेद, स्वीया के कुल तेरह भेद हुए। परकीया के कन्या-परोढा दो भेद, सामान्या एक भेद, अब कुल सोलह प्रकार की नायिकाएँ हो गयीं। अवस्थिति के अनुसार स्वाधीनभर्तृका आदि आठ भेद फिर उत्तम, मध्यम और अधम भेद से तीन प्रकार की नायिकाएँ। अन्त में यदि भेदोप-भेदों का संकलन कर दिया जाय तो—$16 \times 8 = 128 \times 3 = 384$ प्रकार की नायिकाओं की गणना इस ग्रंथ में की गयी है। जैसा कि ऊपर की पंक्तियों में कहा—परकीया के पूर्वाचार्यों द्वारा विवेचित तीन ही भेद माने हैं—(1) विरहोत्कण्ठिता (2) अभिसारिका (3) वासकसज्जा।[1]

---

1. यवस्थैवं परस्त्री स्यात् प्रथमं विरहोन्मना:।
तर्तोऽभिसारिका भूत्वाऽभिसरन्ती व्रजेत स्वयम्॥
संकेताच्च परिभ्रष्टा विप्रलब्धा भवेत् पुन:।
पराधीनपतित्वेन नान्यावस्थात्र संगता॥

—(साहित्य दर्पण। १-१६७)

भानदत्त--रसमञ्जरी

रसों में श्रृंगाररस सर्वश्रेष्ठ माना जाता है, रसांगों में उसका आलम्बन विभाव और उसमें नायिका का महत्त्व। इसी दृष्टि से इस ग्रन्थ में नायिका निरूपण की प्रमुखता है। यह रस मंजरी नायिका भेद विषय के निरूपण में सर्वथा नवीन परम्परा का प्रवर्तक ग्रन्थ है। इससे पूर्व काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने नायिकादि निरूपण विषय को आधार मान स्वतंत्र ग्रन्थ की रचना नहीं की थी। रस मंजरी की रचना के पश्चात् इस विषय को लेकर संस्कृत हिन्दी एवं अन्य भाषाओं में ग्रन्थ प्रणयन प्रारम्भ हुआ। परिणामतः इस ग्रन्थ और इसमें विवेचित विषय-वस्तु का स्वतंत्र महत्व है।

रस मंजरी में भी भानुदत्त ने स्वीया, परकीया, सामान्या—पूर्वाचार्यो द्वारा विवेचित तीन भेदों का उल्लेख कर मुग्धा, मध्या, प्रगल्भा प्रसिद्ध तीनों भेद स्वीकारा है। उन्होंने मुग्धा के चार नवीन भेद किया—अज्ञात यौवना, ज्ञात यौवना, नवोढा और विश्रब्ध नवोढा। यह संज्ञा ग्रन्थकार ने, अंकुरित यौवन, रूप की विशिष्टता के आधार पर दिया है, स्पष्टतः भेद की संज्ञा नहीं दी है। मध्या की एक नूतन व्याख्या 'समानलज्जामदनेत्यभिहिता' एवं 'अतिविश्रब्धनवोढा' दी गयी है। प्रगल्भा के भी दो रूप रतिप्रीतिमती तथा आनन्द सम्मोहिता बताये गये हैं। मध्या, प्रगल्भा के धीरा आदि उपभेद, इस प्रकार छः, ज्येष्ठा, कनिष्ठा भेद से बारह और एक मुग्धा कुल तेरह भेद जो साहित्य दर्पण में चर्चित हैं, वही इस ग्रन्थ में भी हैं। इसी प्रकार परकीया के भी दोनों भेद परोढा और कन्यका स्वीकार किया है। फिर भानुदत्त ने इन्हें षट्संख्यक परिगणित किया—1. गुप्ता 2. विदग्धा 3. लक्षिता 4. कुलटा 5. अनुशयाना 6. मुदिता। गुप्ता तीन प्रकार की— 1. सुरतगोपना 2. वृत्त सुरतगोपना 3. वर्तिष्यमाण सुरतगोपना। विदग्धा—वाग्विदग्धा एवं क्रियाविदग्धा दो प्रकार की होती हैं। अनुशयाना—वर्तमान स्थानविघटनादनुशयाना, भाविस्थानाभाव शंकया अनुशयाना तथा स्वानधिष्ठान संकेत स्थलं प्रति भर्तुर्गमनानुमानादनुशयाना। अनुशयाना के तीन भेद हुए। परकीया के इन स्वरूपों के निरूपण का कारण निश्चित ही तत्कालीन समाज में आभिजात्यवर्गीय नागरजनों में विकसित कामशास्त्रानुसारी विलास-लास प्रियता रही होगी। यदि पर्यवेक्षण किया जाय तो रसमंजरी कर्ता द्वारा वर्णित गुप्ता, विदग्धा, लक्षिता, कुलटा, अनुशयाना एवं मुदिता का अर्न्तभाव परकीया के ही अन्तर्गत हो जाता है।

भानुदत्त ने पूर्वाचार्यों के ही समान सामान्या का एक रूप माना। संकलन करने पर सोलह प्रकार की, फिर उनके तीन रूप—1. अन्य सम्भोग दुखिता 2. वक्रोक्तिगर्विता (क) प्रेमगर्विता (ख) सौन्दर्यगर्विता) इस प्रकार 13 (स्वीया) +2 (परकीया) + 1(सामान्या) कुल 16। प्रत्येक नायिका के अवस्थानुसार 8 भेद, अतः $16 \times 8 = 128$ और पुनः प्रत्येक के उत्तम, मध्य एवं अधम तीन-तीन भेद। परिणामतः रसमंजरी में वर्णित नायिकाओं की संख्या $128 \times 3 = 384$ हुई। इतना ही नहीं पुनः दिव्य, अदिव्य तथा दिव्यादिव्य प्रत्येक के तीन-तीन भेद स्वीकारने पर $384 \times 3 = 1152$ संख्या होती है।

हजरत सैय्यद अकबर शाह हुसैनी-शृङ्गारमञ्जरी

अकबरशाह उपनाम 'बड़े साहेब' द्वारा यह ग्रन्थ तेलुगुभाषा में रचित है। इसका संपादन डॉ० वी० राघवन् ने किया तथा प्रकाशन सन् १९५१ में हैदराबाद राज्य के पुरातत्त्व विभाग ने। ग्रन्थ के भूमिका भाग में ग्रन्थकार ने स्पष्ट किया है—रसमंजरी, आमोदपरिमल (टीका), शृंगारतिलक, रसिकप्रिया, रसार्णव, प्रतापरुद्रीय, सुन्दर शृंगार, नवरसकाव्य, दशरूपक, विलासरत्नाकर, काव्यपरीक्षा, काव्य प्रकाश आदि प्राचीन ग्रंथों का आलोडन-विलोडन करके युक्तियुक्त लक्षणों के प्राचीन उदाहरणों के आधार पर नायिका भेदों की कल्पना कर, जिनके उदाहरण न थे उनके उदाहरणों की रचना कर, जिनके नाम न थे उनके नामकरण करके, प्राचीन लक्षण ग्रन्थों से उपयुक्त उदाहरण सम्बन्धित नायिका विवेचन में लिखकर यह रचना की गयी है। नवरसों में शृंगाररस की प्रमुखता होने के कारण शृंगार रसालम्बन विभाव के अनुरूप नायिका निरूपण किया गया है।

शृंगार मंजरी का आधार भानुदत्त विरचित रसमंजरी ही है। यत्र-तत्र ग्रन्थकार ने नवीन उपभेदों की परिकल्पना अवश्य कर डाली है। यथा—परकीया के दो भेद कन्या और परोढा। फिर परोढा दो प्रकार की—1. उद्बुद्धा (स्वयमनुरागिणी) 2. उद्बोधिता (नायकप्रेरिता) तब उन्होंने धीरा, अधीरा, धीराधीरा में तीन भेद उद्बोधिता के स्वीकारा है। इसी प्रकार उद्बुद्धा के तीन रूप बताये हैं—गुप्ता, निपुणा एवं लक्षिता। निपुणा के भेद—1, वाङ्निपुणा। 2. क्रियानिपुणा 3. पतिवञ्चननिपुणा। प्रथम दो तो 'वाग्विदग्धा' एवं 'क्रियाविदग्धा' के ही दूसरे नामकरण हैं, तीसरा भेद नवीन कल्पना है। लक्षिता दो प्रकार की—1. प्रच्छन्न लक्षिता 2. प्रकाश-लक्षिता। 'प्रकाश लक्षिता' के 1. कुलटा 2.

मुदिता 3. अनुशयाना 4. साहसिका भेद किये गये हैं। चतुर्थ, साहसिका, नया भेद है। इस ग्रन्थ में सामान्या नायिका के पाँच सर्वथा नवीन भेद किये गये हैं—1. स्वतन्त्रा 2. जनन्यधीना 3. नियमिता 4. क्लृप्तानुरागा 5. कल्पितानुरागा।

इसी प्रकार 'अन्यसम्भोगदु:खिता' और 'मानवती' का कथन 'खण्डिता' के प्रसंग में आया है। अवस्था के अनुसार विवेचित अष्ट नायिकाओं में एक नयी 'वक्रोक्तिगर्विता' जोड़ी गयी है। स्वाधीनपतिका के भेद कथन में युक्तियुक्त अवधारणा की है। स्वीया–मुग्धा-मध्या प्रगल्भा–परकीया–सामान्या—दूतीवञ्चिका एवं भाविशंकिता, में श्रृंगार मंजरी में वर्णित आठ विधाएँ। प्रोषितपतिका के स्थान पर अवसित-प्रवासपतिका'। विरहोत्कंठिता के दो भेद—कार्यविलम्ब सुरता और अनुत्पन्न सम्भोगा। फिर 'अनुत्पन्न सम्भोगा' के चार भेद बताये हैं—1. दर्शनानुतापिता 2. श्रवणानुतापिता 3. चित्रानुतापिता 4. स्वप्नानुतापिता। विप्रलब्धा के दो भेद—नायकवञ्चिता तथा सखीवञ्चिता। खंडिता छः प्रकार की-धीरा, अधीरा, धीराधीरा, मानवती, अन्यसम्भोग-दु:खिता एवं ईर्ष्यागर्विता। ये भेदोपभेद ग्रंथकार ने पूर्ण विस्तार के साथ विवेचित किया है। ऐसा विस्तृत रूप से निरूपण अन्य किसी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं है। इतने से ही 'बड़े साहेब' ने विराम नहीं लिया। अपितु उन्होंने प्रोषित पतिका' तथा 'कलहान्तरिता' के भी भेद बताये है। यथा—ईर्ष्याकलह तथा प्रणयंकलह वाली दो प्रकार की कलहान्तरिता। प्रोषित पतिका-प्रवसत्पतिका-प्रवस्यत्पतिका एवं सद्य-नुतापिता में प्रोषितपतिका के भेद किये गये हैं। परकीयाभिसारिका – 1. ज्योत्स्नाभिसारिका 2. तमोभिसारिका 3. दिवाभिसारिका 4. गर्वाभिसारिका 5. कामाभिसारिका पाँच प्रकार की परिगणित की गयी हैं।

अनेकशः नवीन भेदोपभेदों की उद्भावना के कारण 'श्रृंगारमंजरी' नायिका भेद-निरूपण विषयक ग्रन्थों में अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

नायिका भेद निरूपण विषयक अन्य कतिपय ग्रन्थ भी नामोल्लेखनीय हैं—श्रृंगारामृतलहरी, रसरत्नहार, रसचन्द्रिका, सदुक्तिकर्णामृतम्, शार्ङ्गधर पद्धति, पद्यरचना आदि के अतिरिक्त रसिक जीवनम्[1]। इन ग्रन्थों में नयी उद्भावनाएँ नहीं हैं। गौडीय-वैष्णवपरम्परा

1. संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय—लघुग्रन्थमाला २७ (सं० २०३४) रचयिता—पण्डित रामानन्दपतित्रिपाठी सं० श्री करुणापति त्रिपाठी

में भी नायिका विवेचन किया गया है। कवि कर्णपूर-विरचित अलंकारकौस्तुभ में नायिका के भेदोपभेद कुल 1908 संख्या तक पहुँचा दिये गये हैं।

यह है नायिका भेद-निरूपण विषयक ग्रन्थों का सूक्ष्म पर्यालोचन और नायिका भेद की परम्परा का ऐतिहासिक सिंहावलोकन। अब अपने ग्रन्थकार का विदेवदत्त की कृति 'श्रृंगार विलासिनी' के विषय-वस्तु-निरूपण एवं पूर्वाचार्यों द्वारा विनिश्चित नायिका स्वरूपों का तुलनात्मक किन्तु संक्षिप्त आकलन हम प्रस्तुत करेंगे।

कवि देवदत्त—

कवि देवदत्त अथवा देव का हिन्दी साहित्य के श्रृंगार-कालीन कवियों में विशिष्ट स्थान रहा है। नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित, 'हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण' (पृष्ठ 432–33) में देव को 72 ग्रन्थों का रचयिता बताया गया है—'देवकवि—वास्तविक देवदत्त संवत् 1370 घोसरिया (इटावा) समेन गाँव (मैनपुरी) निवासी। फफूंद (इटावा) कुशलसिंह के आश्रित।' शिवसिंह सरोज ने देवकृत बहत्तर ग्रन्थ बताये हैं। डॉ० नगेन्द्र ने प्राप्य तथा अप्राप्य कुल ग्रन्थों की संख्या उनतीस स्वीकार की है।[1] ग्रन्थों की सूची में श्रृंगार विलासिनी' का भी नामोल्लेख है। प्राप्त ग्रन्थ हैं—भावविलास, रसविलास, भवानी विलास, कुसलविलास, जातिविलास, वृक्षविलास, पावसविलास, राधिका विलास, सुजानविनोद, सुमित्रविनोद, वैराग्यशतक (जगद्दर्शनपचीसी, आत्मदर्शनपचीसी, तत्त्वदर्शनपचीसी, प्रेमपचीसी), या देवशतक, नीतिशतक, प्रेमरंग, सुखसागरतरंग, रसानन्द-लहरी, रागरत्नाकर, प्रेमचन्द्रिका, प्रेमदीपिका, प्रेमदर्शन, अष्टयाम, सुन्दरीसिन्दूर काव्य रसायन या शब्दरसायन, या देवरसायन, देवचरित्र, देवमाया-प्रपंच (नाटक), नखशिख। कुछ अप्रकाशित ग्रन्थ हैं बखतविलास, बखतविनोद, बखतशतक, वृत्तमंजरी, माधवगीत, कालिका-स्तोत्र, नृसिंहचरित्र, प्रज्ञानशतक। संस्कृत ग्रन्थों में श्रृंगार-विलासिनी, नामोल्लेख है। स्पष्ट है कवि बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कवि थे। विविधता की ओर प्रवृत्त होने की रुचि रही। उन्होंने न केवल साहित्य अपितु संगीत तथा तत्त्वदर्शन के भी गूढ़ पक्षों का

1. देव और उनकी कविता—(पृ० १२)

दिग्दर्शन पाठकों को कराया। उन्होंने कविता की रचना की और शास्त्र का निर्माण भी। काव्य और काव्यशास्त्र दोनों के विषय में देव ने नवीन उद्भावनाएँ प्रस्तुत कीं।

शृंगार विलासिनी

कवि देव हिन्दी साहित्य में शृंगारकालीन श्रेष्ठ कवि हैं।[1] उनका अपना स्थान है। उन्होंने अपने युग की रीति-परम्परा का निर्वाह किया। प्रस्तुतग्रन्थ संस्कृत भाषा में होने के कारण हिन्दी साहित्य-अध्येता एवं संस्कृत-विद्वान् दोनों ही के लिए विस्मयकारक हो सकता है, परन्तु हमें रंचमात्र भी विस्मयापन्न नहीं कर पा रहा है। कारण हिन्दी साहित्य की रीति-रचनाएँ संस्कृत साहित्य से ही पोषण प्राप्त कर जीवन्त हुई हैं। देव एक बहुमुखी प्रतिभा-सम्पन्न अधीत विद्वान् रहे, यदि संस्कृत में रचना कर दी तो आश्चर्य क्यों? शृंगारमंजरी की रचना महाकवि देव ने की इसमें सन्देह के लिए स्थान नहीं है। हम नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित एवं डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल द्वारा संपादित हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों के चौदहवें त्रैमासिक विवरण से इस विषय को पुष्ट करने वाला अंश उद्धृत कर रहे हैं—देव के अन्य ग्रन्थों के अतिरिक्त नायिका भेद सम्बन्धी 'शृंगार विलासिनी, नाम का उनका एक और ग्रन्थ प्राप्त हुआ है। यह संस्कृत में लिखा गया है। ग्रन्थ में उनका निवासस्थान इष्टिकापुरी (इटावा) दिया गया है। यथा—

देवदत्त कविरिष्टिकापुरवासी स चकार।
ग्रन्थमिमं वंशीधर द्विजकुल धुरंवभार॥

इसके आगे के छप्पय में ग्रन्थ-निर्माण का काल इस प्रकार दिया है—'इससे प्रकट है कि उक्त ग्रन्थ देव ने दक्षिण कोंकण देश में जिसे वह विदेश कहते हैं और जो कृष्णावेणी नामक नदी के संगम पर स्थित है, संवत् १७५७ (१७०० ई०) के श्रावण की बहुला नवमी को सूर्योदय के समय पूर्ण किया था। वार और पक्ष स्पष्ट ज्ञात नहीं होते। उस दिन

1. हिन्दी साहित्य का अतीत—दूसरा भाग (शृंगार काल) लेखक—पंडित विश्वनाथ-प्रसाद मिश्र—(पृष्ठ ५२८)।

रेवती नक्षत्र और धृत योग था।[1] × × × ग्रन्थकार उस समय दिल्ली गद्दी पर मुगल-सम्राट औरंगजेब का अधिकार बताता है।[2]'

'शृंगार विलासिनी' को कवि देव की रचना न स्वीकारना नितान्त असंगत है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी रचनाधर्मी के साथ ऐसा करना घोर अन्याय है। हमारी धारणा है कवि भ्रम दूर करने के ही लिए अपने प्रचलित नाम देव का प्रयोग इस ग्रन्थ में भी कर दिया—

अनुकूलो दक्षस्तथा धृष्ट: शठ नर एव।
भवति चतुर्धानायक: संवर्णय कवि देव ॥ ८६

इतना ही नहीं देव का एक हिन्दी ग्रन्थ है 'रस विलास'। इसमें कवि ने रस, उसके भाव-विभाव और नायिका-भेद विवेचन किया है। कई छन्द अधिकांशत एक से हैं—

सदैवैक नारी रत: सोऽनुकूल इत्येव।
दक्ष: सर्ववधूष्वथो, समप्रीतिकर एव[3] ॥ ८७

---

1. स्वर[7] भूत[5] स्वर[7] भूमि[1] मिते वत्सरे यदाऽयं,
दिल्लीपति नवरंगसाहि, रजयत्सुदुपायं।
दक्षिणदिशि च तदेव, कुंकुण नाम विदेशे,
कृष्णावेणी नाम नदी संगम प्रदेशे।
श्रावणे बहुल नवमी तिथौ, रेवती धृति युते,
कवि देवदत्त उदिते रवावगमपय दहनिस्तुते ॥

2. हिन्दी में रूपान्तरित—दौलतराम जुयाल सं २०२१, पृ० ३६

3. एक नारि अनुकूल अरु,
सकल नारि समदक्ष।
सापराध सठ सो छिप्यो,
उघर्यो धृष्ट समक्ष ॥
—रसविलास। ६६

इसी प्रकार एक छन्द और देखिए—

तस्य नर्म सचिवः सखा तद् भेदकत्रयी ह ।
पीठ मर्द नामा विटो, विदूषको भवती ह[1] ।।

—शृं० वि० । ६३

ग्रन्थकार ने नायिका-भेद निरूपण में नयी उद्‌भावना अथवा स्थापना करने का प्रयास नहीं किया है। परिशीलन से स्पष्ट है कि कवि भानुदत्त की रसमंजरी से पूर्णतः प्रभावित है। ग्रन्थ का वैशिष्ट्य इस अर्थ में सर्वथा स्वीकारना पड़ेगा कि कवि ने हिन्दी के मात्रिक छन्दों—दोहा, सोरठा छप्पय एवं सवैया का प्रयोग संस्कृत काव्य में प्रथमतः आज से तीनसौ वर्ष पूर्व किया। प्रवाहमयी भाषा में ये संस्कृत के सवैया साहित्य के रत्न हैं।

आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र तथा अन्य विद्वानों ने देव के कतिपय संस्कृत के लघुकाय ग्रन्थों की चर्चा की है, उनके अतिरिक्त भी कवि का एक ग्रन्थ दतिया राजकीय पुस्तकालय में है। वह है 'अकबरअली-विलासः'। यह ग्रन्थ भी संस्कृत भाषा में है।

गंगा दशहरा
संवत् २०२६

—(डॉ) शिवशंकर त्रिपाठी

---

1. नर्म सचिव तिनको सखा,
ताहू त्रिविध बखान।
पीठ मर्द विट दूसरो,
और विदूषक जान ।।
—रसविलास ।७४

FOREWARD

Indian thinkers had very early realised prime importance of the sex-instinct in living being. They had devoted attention to understand and analyse this sentiment with a view to find out ways and means for its sublimation, so that this primitive instinct be so channelised that it may lead human beings towards the realisation of the highest bliss. Their studies led them to declare the erotic sentiment as a 'coborn of the highest beatitude' (brahmānand—sahodara), with the only distinction that while the blissful experience arising out of the satisfaction of the erotic-sentiment was momentary, the bliss of the union of the individual soul with the universal soul was everlasting. The joy of sexual-union, however transitory, it may be did providc hnman beings with a taste of how enjoyable the bliss of the union with the Supreme—Soul could be. It was in this mood that erotic scenes were depictcd in the plastic art of temples and literature, the erotic sentiment (Śṛṅgāra) was declared to be the supreme sentiment (rasa —rāja). Literary works like 'Geeta Govindam' of Sri Jaya Deva depicts the erotic sentiment in all its various aspects.

The mundane aspect of the erotic sentiment also recieved a detailed treatment at the hands of Indian thinkers and it gave rise to a branch of knowledge, called the 'kāma śāstra' i.e.

sexology. It is really pleasantly surprising that sexology was fairly developed even in the pre-christian centuries in India. Vātsyāyana's Kāma—Sūtra 'the standard text—book on sexology describes in detail the sexual behaviour of a civilised citizen (Nāgaraka). This work classifies men (Nāyaka) and women (Nāyikā from the point of view of sexual activities and provides detailed instructions how sex can be made to yield the highest type of physical joy in a cultural manner. The subject was further developed in works like Kokkaka's 'Rati-rahasyam', Kalyāṇamalla's 'Anaṅgraṅga' etc.

The erotic sentiment (Sṛngāra) had its due place in the Indian literature from the earliest times. It's depiction is not wanting in the Vedas, the Purāṇas, the Mahābhārata and the Rāmāyana of Vālmīki. But upto the time of the great Kālidāsa, it was treated in a balanced way, as being one of the nine main sentiments (rasas) though having high importance. Bhāvabhūti the greatest poet after Kālidāsa even went to the extent of declaring the pathetic sentimens (karuṇa-rasa) as the basis of all sentiments with the passage of time, however, the erotic sentiment by and by eclipsed all the other sentiments in Indian literature and poets vied with each other in depicting the various love—dalliances and categories of women from the point of view of sex (Nāyikā—bheda). This development as well reflected in the works on Dramaturgy (Nātya —Śāstra) and poetics (Kāvya–Śāstra), Bharata the earliest writer on Drama-

turgy had declared that whatever is bright, brilliant and pleasing to the eyes can be equalled to the erotic sentiment (Śuci Medhyamujjvalam daraśanīyam vā tacchṛṅgareṇopamīyate) and had contented himself by classifying the Nāyaka (man) and Nāyīkā (woman) in three categories—Uttama (best), Madhyama (middling) and Adhama (lowerly). The Nāyikā (woman) was held to be the source of joy and Bharata himself has categorised the feminine sex in twenty two classes (Nātya—Śastra—ch 20, 203-204). This Nāyikā-bheda (classification of womenfolk) was further elaborated by later writers on dramaturgy and poetics, so much so that Bhānudatta in his 'Rasamañjarī classifies the Nāyikās in three hundred and eighty-four types.

The lead given by the poets of Samskrit and Prakrita in making the erotic sentiment (Śṛngāra) as their sole concern and in depicting the moods and modes of various types of Nāyikās was fully emulated by the later poets of Braj-Bhāsaā Poet Deva Dutta (in short Deva) is one of the greatest amongst these poets of Braj·Bhāsā. His poetic works are well known to the stūdents of Hindi literature to need an introduction here. But what is little known about this great poet is that he was an erudite scholar of Samskṛit language and poetics and had also composed verses in Sanskrit. One of his poetic works is the Sṛngāra Vilāsinī' which though noticed very early by Dr. Pitāmber Datta Barthwala in his catalogue of Hindi Manuscripts publised by the Nāgari Prachāriṇi Sabha Kāshi remained unpublished so far, This work deserves attention very much

dueto the fact that Deva has started an innovation in Samskrit by composing verses in Hindi metres like the *Dohā, chhappaya, sawayyā* etc, Dr. Shiva Shankar Tripathi the editor of the present work, dererves commendations for bringing out this rare work of Sri Deva. It is hoped that students of Indian literature would heartily welcome this publication and thus afford eucouragement to Dr. Tripathi to search and bring out other Sanskirit works of poet Sri Deva and also other rare wotks lying in manuscripts in our various hibraries and archives

Sanskrit, Pali, Prakrita
and eastern languages.
University of Allahabad.

Dr. M. P. Lakhera
(Reader)

Introduction

Śuci medhyamujjavalam darśanīyam vā tacchṛṅgāreno-pamīyate.

—*Nātya Śāstra/IV*.

In the above karika sage Bharata made an affirmatory proclamation that, what-so-ever is sublime, heavenly and bright may be assimilated with the Erotic sentiment. Love is the first and foremost instinct of human kind as well as of the other living beings. When it heightens in relation to relevant causes and embraces the maturity of its psycho-physical status of relishment it is called Erotic. This erotic probably comes out of an action, as in Bhāva Prakāshanam it is mentioned—'bāhyārthālambanavato manaso rajasi sthitāt Śāhaṅkārādvikāro yaḥ sa Śṛngārah (11/12). Reknowned world classic the Kāmasūtra, may be accepted as a great manual on the techniques of love as well as describing the mechanisms of sex and also the physical endowments of women. It contains a lot of picturesque depictions of luxurious and lustful citizen-life. We may very easily imagine how pleasurable was the living of town and cities at that time when Vātsyāyana wrote this valuable treatise. That was the period, when pleasure or lust was regarded as a holy act without guilt among the ancients, everywhere as a part of life. So Sṛṅgāra had been

regarded as the dominating one out of Nine Rasas by the school of Indian aesthetics. The concept of love that finds its maturity into the cognizable status of the erotic sentiments is a prominent factor of the poetics. It is not surprising, therefore, that a term Śālabhanjikā came into existence in Indian art and sculpture, which meant the Nāyika or a charming beauty figuring prominently in the Sanskrit drama and kāvya. Love can never attain its complete maturity, if it is not conditioned by sexual relation. Sage Bharata in Nātya Sāstra has said, 'ṣtripunsayostu saṅlāpo yastu kāṁsamudbhavaḥ. tajgyeyam sukumāram hi Śṛṅgāra rasa sambhavam.' Thus the luxurious and lustful society caused such circumstances that the rhetoricians of aesthetic school were inspired of the pleasurable idea and began dealing with Nāyaka-Nāyikā in their treatises of dramaturgy and poetics.

During the period when Kāmasūtra of Vātsyāyan flourished there was a wave of luxurious-lustful living in society so widespread that no writer of any branch of literature dared to scape himself uninfluenced. This was the cause which gave birth to several treatises on Nāyikā-Bheda, though the subject has had occupied its place in other central works of Dramaturgy and Poetics. Though not defined elaborately but in 'kāmasūtra' of Vātsyāyan, Ratirahasya of Kokkaka and Anaṅgarang of Kalyāṇamalla Nāyikās are mentioned and classified according to their

nature as well as their acts, activities and duties towards the Nāyak. Vātsyāyan mentions three categories of Nāyikā-—'Nāyikāstisraḥ, kanyā, punarbhū veshyā cha (kāmasūtra /1-54) kanyā, punarbhū and veshyā. Again each are subdivided into two categories as Puṭraphaladā kanya, Sukhaphaladā kanyā, Upabhuktā Punarbhū, Anupabhuktā Punarbhū, Rūpajīvā Veshyā and Gaṇikā Veshyā. In Ratirahasya the Nayika is taken to some extent broadly in fourfold aspects according to the temper—'Padminīm tadanu citriṇīm tataḥ śaṅkhinīm tadanu hastinīm viduḥ' Padmini, Citrinī, Śaṇkhinī and Hastinī are mentioned by name.

(A) Nātya Śāstra

The central-work on Dramaturgy, Nāyṭa śāstra of sage Bharata which fed all the later writers on the topic thoroughly dealt with Nāyaka-Nāyikā. for the first time.—'Strīṇā ma ca puruśāṇām ca uttamādhama madhyamā (24–1). Here he says about the threefold characteristic—temaperaments of the *human beings*, i. e. Uttama (the best), Madhyama (the middling) and Adhama (the mean or lowest). In the same way he categorises the Nāyikā too. as Uttamā (the best)—one who never utters harshwords to her lover (Nāyaka) even on his mishehaviour, does not disclose the secrets and his misconducts. and if falls in anger it is only for a moment, is called Uttamā. Madhaymā (the middling)—Unmalcious-natured, easily angered and easily pleased, of humble submission is called Madhyamā, Adhamā

(the mean or the lowest) -one, who becomes angry or unpleased without cause, remains in adverse-mood for a long period and behaves adversely in love affairs is, called Adhamā. Further he proclaiming the women as the only root or base or source of wordly happiness and every kind of pleasure (Sukhasya he striyo mūlam) has divided the Nāyikā in twenty two kinds.

Devatāsuragandharvaraksho nāgapatatriṇām. Piśācariksha vyālānām naravānarahastinām, Mṛgimeenoṣtramakarakharasūkar vājinām, Mahiśajaga vādinām tulyaśeelaḥ stṛyaḥ smṛtah.

—Nāṭya Śāstra (22, 95-96)

Here sage Bharata classifies Nāyikās according to the characteristie nature and behaviour—temperaments of the worldly beings i.e. Devatā, Asura, Gaṇdharva, Rākshas, Piśāca, yakśha Vyaghra (Riksha). Vyāla (surpa), Nara; Vānara, Hasti, Mṛga, Meena, Uśtra,(camle), Makara, (khartass), Śūkara, Vāji. Mahisha, Aja, Gava. Again he has arranged according to eightfold diversty in their conditicn as Vāsakasajjā, Virahotkaṇthitā, Swādhinapatikā, Kalahāntaritta. Khandita, Vipralabhhā, Proshitabhartṛkā and Abhisārikā. (N. S. /20/203-204).,

Dasa Rūpaka

Latter on after Nātya Sastra it is Dhananjaya who in his Daśarūpaka, an admired and recognised treatise on dramatic art, dealt with the topic or Nāyikā. Hs also followea the path

directed by sage Bharata in his treatise as a central work on dramaturgy but differs in classification. because his base is Nīyaka (the hero). 'Swānyā sādhāra ṇastṛi tadaguṇā nāyikā tṛdha' (Prakash 2/15)—(Sviyā) Parstṛ (Parkīyā) and Sādhā-raṇstṛ (Sāmānyā) are according to the nature, temper and (ability) of the hero (Nāyaka). He mentions Sviyā of three categories—Mugdhā, Madhyā and Pragalbhā. Again he subdivides seeh in three categories as dhirmadhyā, Adhira-madhyā, dhirādhiramadhyā, dhirapragalbhā, adhirapra-galbha, dhīradhīrapragalbhā, and then 'Dwedhā Jyesthā Kanisthā, cetyam ugdhā dwadaśoditah' (2—20), Amugdhā (the madhyā and Pragalbhā) is of two classes· Thu they are twelve in all. Mugdhā is not classified in this treatise. Again 'Āsāmaśtava vasthah syuh swadhīnap atikādikadikah— (2/23). He states of their eightfold conditions or situations in relation to the lover (Nāyaka)—Swādhinapatikā, Vāsaka-sajjā, Virahotkanthitā, Khanditā, Kalahāntaritā, Vipralabdhā, Prośitapriyā, abhisāriketyaśtan swastṛprabhṛtināmavasthaḥ'. Dhananjaya explains the eight situations of the heroine as—Svādhina-Patika, Vāsakasajjā, Virahotkanthitā, Khanditā, Kalahāntarita Vipralabdha, Prośitaprīyā and Abhisārikā. Here he has followed sage Bharata as he has had classified in his Nātya Śāstra.

Bhāva Prakāśanam.

The work written by Śāradātanaya consists of ten adhikārās namely—first and second deal with Bhāva 3. Avāṇ-

tarbhāvabheda Swarūpa 4. Sṛṅgārālambananāyakādi-Swarūpa 5. Nāyaka—bhedāvastha—rasa—bhāva—Vikāra 6. Śabdārtha—sambandha—bheda—Prakara 7. Nātyetivṛttādi-lakṣaṇa 8. .Daśa rūpak—lakṣaṇa 9. Nṛtyabheda—swa-rūpa—lakṣaṇa 10. Nāṭya—Prayoga—bheda—Prakāra. As regards the subject matter of Nāyikā bheda, he has adopted the principle and method both of Nātyaśāstra i.e. Deva-śeelā, Daityaśeela, Gandharvaśeelā, Yakshāṅgnā, Rākshasa seela, Piśacaśeelā, Nāgaśeela, Marṭyaśeela etc., are exam-plified, with classification and definition He also adds some-thing new to the subject mentioning four types of Nāyikās according to their nature and activities as udāttā, uddhatā, śāntā and Lalitā. He has accepted only three categories according to condition in relation to Nāyaka i.e. Vipralabdhā, Virahotkaṇthitā and Abhisārika. Lastly he delights in arran-ging into divisions and subdivisions upto the number of three hundred and eighty four viz 13 (swīyā)+2 (Parkīyā)+1 (śāmānyā), sixteen in number. Again the eight fold classi-fications accordingly with the dramatic characteristics—Vāsa kasajjā etc. Now the calculation reaches to one hundred and and twenty eight in number. Further he subdivides each in three types as—Uttamā, Madhyamā and Adhamā.

Rasāṛṇava Sudhākaram—

The work is mainly based on Śṛngāra Prakaśa of Bhoja, consists of three vilāsās, comprehends with profuse illus-trations practically all the subject matters conected with

Dramatic art. The topic Nāyaka and Nāyikā is dealt here in vilāsa first along with other topics as Nātya—lakṣaṇa and Rasa—lakṣaṇa, qualities and classification of the Nāyaka, incidental treatment of three Rītis, four dramatic vṛttis, Pravṛttis and sāttvika Bhāvas. The dominance of erotic relishment inescapably influenced Śinga Bhūpāl and so he establishing some elaborate expositions of Sṛṅgāra Rasa says—'Ādhāraviśayatvābhyām nāyako nāyika pi ca, Ālambanaṁ matam tatra nāyako guṇavān bhaveta' and he bases his interpretation of Nāyikā's classification on Śṛngāra rasa with reference to Vibhāvanā. He accepted Sviyā of three types as categorised by other predecessor rhetoricians i.e. Mugdhā, Madhyā and Praudhā, but gave his new theory of Mugdhās' categorization in sixfold—Vayomugdhā, Navakāmā, Ratauvāmā, Mṛdukopā, Salajjaratiśīlā, Krodhenā pabhaśamāṇā rudatī, Madhyā in three fold Samalajjāmadanā, Prodyattāruṇya sālinī and Mohāntsuratā; again accordingly with rank and position he depicts three subdivisions—Dhīrā Adhīrā and Dheerādheerā. Lastly he subdivided Pragalbhā Parakeeyā, and sāmānyā in two kinds each i.e. Sampūrṇa-yauvanonmattā and Praūdhamaṅmathā, Anūdhā and Parodhā, Raktā and Viraktā respectively. Concludingly he recognises the eight fold classification i.e. Prośitabhartṛkā etc. and also the Uttamā, Madhyamā and Adhamā.

(B) *Kāvya Śāstra*—

We have seen in Nātya Śāstra that sage Bharata has stated three types of women and four parts of their youth—

'Sarvāsāmapi nārīṇām Youvanlābhā bhavanti catvāraḥ. Nepathye rūpaveśairguṇaistu sṛṅgāramādyā (23-40). So Mugdhā, Madhyā and Praudhā, the three kinds of Nāyikā are accepted. Rhetoricians as a matter of fact, in interpretation and classification of Nāyikā have adopted the method and principle decided by sage Bharata. Agnipurāṇa and Sṛngāratilaka have dealt the topic under Ālambanavibhāva—'Svakīyā parakīyā ca punarabhūriti kausikah. sāmānyā na punarbhūrityādyah bahubhedataḥ. (Agnipurāṇ/ 339-41) In some treatises Ātmīyā. Parkīyā and Sarvāṅgnā, these three types are mentioned. Rudrata in his kavyālankāra has accepted Sṛṅgārarasa as the only base of interpreting the Nāyikā and their classifications.

Bhojadeva—S.kanthabhar aṇa and Sṛṇgāraprakāśa.

Bollowiñg the path directed by sage Bharata and confirming the ideology, Bhoja has elaborately discussed the subject matter related to difinition and classification of Nāyikā in his Sṛṅgāraprakāśa. In Kāma Sāstra for the first time Punarbhū nāyikā obtained its place categorically. Later on it was Agnipurāṇa which mentioned and again in Sṛṇgārprakaśā, Bhojadeva accepted as one of the Nāyikās. The same in Sarasvatīkanthābharaṇa occupied a deserving place.

Guṇato nāyikā pi syāduttamā madhyamādhamā; Mugdhā, madhyā pragalbhā ca vayasā kauśalena va. Dhīrā

dhīrā ca dhairyeṇa svānyādīyā—parigrahāt, ūdhānūdhopayamanāt kramājjyeṣṭha kanīyasī, Mānardheruddhatodattā Śānta ca lalita ca sā Śāmānyā ca punarbhūśca svairīṇī ceti Vṛtitah, Ājivatastu gaṇikā rūpājīva Vilāsinī, Avasthāto aparācāstau vigyeyāh khandi tādayaḥ. —(S.K./5/110—113)

